गुरुवार, 22 दिसंबर 2011 | 1042

# शेयर मंथन
नारदवाणी की दैनिक प्रस्तुति

| | 21/12 | 20/12 | बदलाव | % बदलाव | पी/ई |
|---|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 15,685 | 15,175 | +510 | +3.36% | 16.63 |
| निफ्टी | 4,693 | 4,544 | +149 | +3.28% | 17.00 |
| सीएनएक्स मिडकैप | 6,120 | 6,037 | +83 | +1.37% | 14.59 |
| बीएसई मिडकैप | 5,141 | 5,076 | +65 | +1.29% | 14.35 |
| बीएसई स्मॉलकैप | 5,517 | 5,466 | +51 | +0.94% | 11.18 |
| डॉव जोंस | 12,108 | 12,103 | +05 | +0.03% | |
| नैस्डैक कंपोजिट | 2,578 | 2,604 | -26 | -0.99% | |
| एफटीएसई | 5,390 | 5,420 | -30 | -0.55% | |
| डैक्स | 5,791 | 5,847 | -56 | -0.95% | |
| कैक 40 | 3,030 | 3,055 | -25 | -0.82% | |

## एशियाई शेयर बाजार में गिरावट, सिंगापुर निफ्टी नीचे

**एशियाई शेयर बाजारों में आज सुबह गिरावट का रुख है। वहीं सिंगापुर निफ्टी में भी कमजोरी है। इससे पहले कल ओरेकल के नतीजों से अमेरिकी शेयर बाजार पर दबाव रहा।**

कल बुधवार को अमेरिकी बाजार ने शुरुआती कमजोरी दिखायी, लेकिन अंत में इसका रुझान मिला-जुला रहा। डॉव जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज केवल 4 अंक की मामूली बढ़त के साथ 12,108 पर रहा। एसएंडपी 500 भी 2 अंक की हल्की बढ़त दर्ज कर 1,244 पर रहा। लेकिन नैस्डैक कंपोजिट 26 अंक या 1.0% के नुकसान के साथ 2,578 पर आ गया। छुट्टियों से पहले कल बाजार में कारोबार कुछ हल्का ही रहा। शुरुआती कमजोरी खास कर आईटी शेयरों में तीखी गिरावट वजह से आयी। सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल के तिमाही नतीजों ने निराशा के चलते इनमें बिकवाली का दबाव उभरा।

आज सुबह जापान के निक्केई में 0.55% की गिरावट है। हैंग सैंग 0.63% नीचे है। वहीं कॉस्पी में 0.31% की गिरावट है। स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.20% की गिरावट है। शंघाई कंपोजिट में 1.35% की गिरावट है। दूसरी ओर, ताइवान वेटेड में 0.08% की हल्की बढ़त है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में सिंगापुर निफ्टी बुधवार को निफ्टी के बंद स्तर के मुकाबले अभी 8 अंक की गिरावट साथ 4,685 पर है।

## अगले साल 3500 तक फिसल सकता है निफ्टी

### जगन्नादम तुनुगुंटला, रिसर्च प्रमुख, एसएमसी ग्लोबल



नये साल में भारतीय बाजार में गिरावट जारी रह सकती है और निफ्टी 2012 के दौरान 3500 तक फिसल सकता है। साल 2012 में निफ्टी का 5000 के ऊपर जाना मुश्किल होगा। साल 2012 के अंत तक निफ्टी का लक्ष्य भाव मुझे 4500 का लग रहा है, जबकि सेंसेक्स 2012 के अंत में 15,500 पर रह सकता है।

भारत के विकास की कहानी पर अब सवाल उठने शुरू हो गये हैं, इसलिए भारत में विदेशी निवेश को दोबारा आकर्षित करने के लिए जल्दी ही नीतिगत सुधार के रास्ते पर बढ़ना होगा। साथ ही विदेशी कर्ज की स्थिति को सँभालने के लिए भारत को अपना विदेशी मुद्रा भंडार और मजबूत करना होगा। वहीं महँगाई दर अब भी एक मुख्य चिंता है। साथ में सरकार को इस बात पर ध्यान देना होगा कि अर्थव्यवस्था में रोजगार के पर्याप्त मौके पैदा हों, क्योंकि ऐसा नहीं होने पर सामाजिक अशांति भी फैल सकती है।

इस समय बाजार के सामने जो बड़ी चिंताएँ हैं, उनमें रुपये की कमजोरी प्रमुख है। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश घट रहा है और कुछ हद तक वे भारत से पैसा निकाल कर वापस ले जा रहे हैं। काफी कंपनियों के ऑर्डर बुक में कमजोरी आयी है। कुल मिला कर भारतीय कंपनियों के मुनाफे में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ गयी है। साथ में ऊँची ब्याज दरों और महँगाई दर की चिंता तो है ही। लेकिन एक बड़ी बात यह है कि नीतियाँ बनाने में ढीलेपन की वजह से भारत के बारे में निवेशकों की धारणा कमजोर हो रही है। बेशक, घरेलू खपत अब भी भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत पहलू है। यहाँ युवा उपभोक्ता हैं। कंपनियों पर कर्ज का स्तर भी तुलनात्मक रूप से कम है। भारत का कर्ज और जीडीपी का अनुपात भी कम है। यह सब बातें हमारे लिए सकारात्मक हैं।

अगले साल भर के लिए मुझे लगता है कि एफएमसीजी क्षेत्र का प्रदर्शन बाकी बाजार से बेहतर रहेगा। लेकिन रियल एस्टेट, बुनियादी ढाँचा, हवाईसेवा और ऑटो क्षेत्र कमजोर रहेंगे।

## राग बाजारी

## मौके और खतरे बताती निफ्टी की 3 तस्वीरें



कल की तीखी उछाल ने काफी कारोबारियों को छकाया होगा, और अब आज सुबह तस्वीर फिर से बदली नजर आ रही है। निफ्टी में 5099 के ताजा शिखर से साढ़े पाँच सौ अंक से ज्यादा की गिरावट के बाद एक वापस उछाल की संभावना तो जरूर थी, लेकिन इस बात को देखना होगा कि इस वापस उछाल पर कितना भरोसा किया जा सकता है। निफ्टी की 5099 से 4531 तक की गिरावट की 23.6% वापसी 4665 पर है। अगर निफ्टी इसके नीचे फिसलने लगे तो यह इस वापस उछाल के निपट जाने का संकेत होगा। अगर यह इसके ऊपर टिक सके तो 4748 और 4815 के स्तरों की उम्मीद की जा सकती है। यहाँ ध्यान दें कि 4748 के पास ही 4739 पर 10 दिनों का एसएमए है, जबकि 4815 के पास 4807 पर 20 दिनों का एसएमए है। जब तक निफ्टी इन दोनों एसएमए के ऊपर न लौटे, तब तक बाजार की किसी उछाल पर भरोसा करना अभी मुश्किल होगा।

अब इसकी दूसरी तस्वीर देखें। इसमें एक नीचे गिरती पट्टी है, जिसकी ऊपरी रेखा 7 दिसंबर के शिखर 5100 और 16 दिसंबर के शिखर 4819 को मिलाती है। कल निफ्टी का ऊपरी स्तर इसी रेखा पर रहा। अब अगर निफ्टी इस पट्टी में रहा और पलट कर इसकी निचली रेखा की ओर जाने लगा तो यह साल जाते-जाते बाजार को फिर से कुछ नुकसान दे जायेगा। यह पट्टी इस साल के अंतिम कारोबारी दिन 30 दिसंबर को 4414-4192 के दायरे में दिख रही है।

तीसरी तस्वीर भी थोड़ी डराने वाली ही है। इसमें दो लाल रेखाएँ दिख रही हैं। पहली लाल रेखा 28 अक्टूबर के शिखर 5400 से 24 नवंबर की तलहटी 4639 तक की गिरावट की है। इस दौरान निफ्टी ने 18 कारोबारी दिनों में 761 अंक गँवाये थे। इस तस्वीर की दूसरी लाल रेखा 5099 के ताजा शिखर से इतनी ही गिरावट की संभावना दिखाती है। अगर निफ्टी ने फिर से करीब 18 कारोबारी दिनों में करीब 761 अंक गँवाये, तो इसके हिसाब से साल के ठीक अंतिम दिन यह 4338 पर नजर आयेगा। दरअसल यह संभावना 5499 से 4639 की गिरावट और 5099 तक की उछाल के फिबोनाकी प्रोजेक्शन को ही दिखाती है, क्योंकि दोनों संरचनाओं का मूल तर्क एक ही है।

यह भी ध्यान में रखें कि नवंबर 2010 से अब तक चल रही पट्टी की निचली रेखा अगले कुछ दिनों में 4450-4400 के बीच रहेगी, जहाँ बाजार को सहारा मिलने की अच्छी-खासी गुंजाइश है। अगर उसी रेखा से बाजार पलटा, तो निफ्टी की अगली उछाल सीधे करीब 800 अंक तक की हो सकती है।

(आगे पढ़ने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें - http://www.sharemanthan.in/index.php/rag-bazaari/16208-rajeev-ranjan-jha-column-20111222)

**राजीव रंजन झा**

# तकनीकी सलाह

## सेंसेक्स 15,685 (+510)

| | समर्थन 2 | समर्थन 1 | बाधा 1 | बाधा 2 |
|---|---|---|---|---|
| ईस्टर्न फाइनेंशियर्स | 15390 | 15435 | 15745 | 15820 |
| एंजेल ब्रोकिंग | 15246 | 15466 | 15816 | 15947 |

## निफ्टी 4,693 (+149)

| | समर्थन 2 | समर्थन 1 | बाधा 1 | बाधा 2 |
|---|---|---|---|---|
| ईस्टर्न फाइनेंशियर्स | 4622 | 4635 | 4728 | 4750 |
| एंजेल ब्रोकिंग | 4562 | 4628 | 4733 | 4773 |



## सलिल शर्मा

कपूर शर्मा.कॉम

1-3 दिनों की अवधि के सौदों के लिए

| शेयर | भाव | सलाह | घाटा काटें | लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| कैर्न इंडिया | 316.05 | खरीदें | 310 | 328 |
| ऐक्सिस बैंक | 868.15 | खरीदें | 860 | 900 |

*(मैंने यह सलाह अपने ग्राहकों को दे रखी है और इन शेयरों में ग्राहकों के सौदे हो सकते हैः सलिल)*

## ईस्टर्न फाइनेंशियर्स

छोटी अवधि के सौदों के लिए

| शेयर | भाव | सलाह | घाटा काटें | लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| टाइटन इंडस्ट्रीज | 168.95 | खरीदें | 158 | 178 |
| एसकेएस माइक्रो. | 98.35 | खरीदें | 94 | 103 |
| जेएसडब्लू स्टील | 509.30 | खरीदें | 497 | 525 |

*(हमने यह सलाह अपने ग्राहकों को दे रखी है और इन शेयरों में ग्राहकों के सौदे हो सकते हैः ईस्टर्न फाइनेंशियर्स)*

## इंडिया इन्फोलाइन

छोटी अवधि के सौदों के लिए

| शेयर | प्रवेश भाव | सलाह | घाटा काटें | लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| आईटीसी | 198-199 | खरीदें | 194 | 210 |

*(हमने यह सलाह अपने ग्राहकों को दे रखी है और इन शेयरों में ग्राहकों के सौदे हो सकते हैः इंडिया इन्फोलाइन)*

क्या आप हैं एक रिलेशनशिप मैनेजर/डीलर? तो आपके लिए है हमारे पास एक विशेष योजना! संपर्क करें : rm@sharemanthan.com

# ब्रोकर-सलाह

| कंपनी | सलाह / रेटिंग | मौजूदा भाव | लक्ष्य भाव (12 माह) | रिपोर्ट तिथि | रिपोर्ट तिथि का भाव | उच्चतम (52 हफ्ते) | न्यूनतम (52 हफ्ते) | ब्रोकिंग फर्म |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पीवीआर | खरीदें | 125.35 | 169 | 21 दिसंबर | 125.35 | 163.40 | 93.50 | केआर चोकसी सि. |
| ग्रासिम इंडस्ट्रीज | खरीदें | 2383.30 | 2665 | 20 दिसंबर | 2347.25 | 2625.00 | 1981.00 | कोटक सिक्योरिटीज |
| टाटा ग्लोबल | खरीदें | 86.45 | 97 | 20 दिसंबर | 84.95 | 119.50 | 80.00 | एंजेल ब्रोकिंग |
| डीएलएफ | रखें | 185.10 | 209 | 20 दिसंबर | 185.30 | 298.20 | 173.40 | केआर चोकसी सि. |
| ऑर्किड केमिकल्स | खरीदें | 136.75 | 270 | 19 दिसंबर | 124.40 | 324.65 | 112.25 | एंजेल ब्रोकिंग |
| आईआरबी इन्फ्रा. | खरीदें | 138.35 | 225 | 19 दिसंबर | 147.55 | 233.70 | 132.00 | केआर चोकसी सि. |
| एचसीएल टेक्नोलॉजीज | खरीदें | 390.40 | 559 | 16 दिसंबर | 412.20 | 528.40 | 360.10 | एंजेल ब्रोकिंग |
| अरीवा टीएंडडी | कम करें | 142.85 | 158 | 16 दिसंबर | 143.30 | 349.90 | 132.65 | कोटक सिक्योरिटीज |
| अशोका बिल्डकॉन | खरीदें | 182.90 | 245 | 16 दिसंबर | 189.00 | 312.00 | 180.00 | एंजेल ब्रोकिंग |
| स्टरलाइट टेक्नो. | खरीदें | 29.65 | 51 | 15 दिसंबर | 31.40 | 80.25 | 28.10 | केआर चोकसी सि. |
| टाटा मोटर्स | जमा करें | 177.05 | 187 | 15 दिसंबर | 172.75 | 274.40 | 137.65 | एंजेल ब्रोकिंग |
| आईटीसी | रखें | 202.10 | 226 | 14 दिसंबर | 199.65 | 216.10 | 150.00 | केआर चोकसी सि. |
| डीएलएफ | खरीदें | 185.10 | 315 | 13 दिसंबर | 208.30 | 298.20 | 173.40 | पिंक रिसर्च |
| लार्सन एंड टुब्रो | खरीदें | 1001.15 | 1714 | 13 दिसंबर | 1171.65 | 2010.00 | 971.00 | एंजेल ब्रोकिंग |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | खरीदें | 671.15 | 910 | 13 दिसंबर | 718.75 | 1006.50 | 630.35 | केआर चोकसी सि. |
| एनएमडीसी | खरीदें | 143.95 | 231 | 13 दिसंबर | 168.45 | 304.90 | 136.15 | एंजेल ब्रोकिंग |
| टाटा मोटर्स | खरीदें | 177.05 | 226 | 12 दिसंबर | 177.75 | 274.40 | 137.65 | केआर चोकसी सि. |
| सन फार्मा | खरीदें | 498.80 | 569 | 09 दिसंबर | 512.40 | 539.90 | 392.05 | एंजेल ब्रोकिंग |
| पटेल इंजीनियरिंग | रखें | 77.15 | 100 | 09 दिसंबर | 91.60 | 324.00 | 73.00 | केआर चोकसी सि. |
| अपोलो टायर्स | जमा करें | 55.50 | 77 | 08 दिसंबर | 64.95 | 82.50 | 44.05 | प्रभुदास लीलाधर |
| प्रतिभा इंडस्ट्रीज | खरीदें | 30.00 | 53 | 08 दिसंबर | 35.25 | 74.00 | 27.80 | नेटवर्थ कैपिटल |
| शोभा डेवलपर्स | खरीदें | 208.50 | 295 | 08 दिसंबर | 228.75 | 337.00 | 185.00 | केआर चोकसी सि. |




# शेयर मंथन

## अब आपके मोबाइल पर भी

**पूरी पत्रिका समायी एसएमएस पैक में**

जानकारों की राय

विश्व बाजारों का हाल

तकनीकी सलाह

ब्रोकर रिपोर्ट

**सब कुछ सुबह-सुबह आपके मोबाइल पर**

वार्षिक शुल्क: 2,400 रु.
छमाही शुल्क: 1,500 रु.
ग्राहक बनने के लिए ईमेल करें
mobile@sharemanthan.com पर


**स्पष्टीकरणः विशेषज्ञों की सलाह आपकी मदद के लिए है। इसे शेयर मंथन या नारदवाणी की सलाह नहीं समझें और जरूरी नहीं है कि उस सलाह से शेयर मंथन या नारदवाणी सहमत हो। संबंधित शेयरों में विशेषज्ञों के अपने या उनके ग्राहकों के हित जुड़े हो सकते हैं। निवेश संबंधी किसी भी फैसले से पहले अपनी खोजबीन जरूर करें।**

**Disclaimer:** This document, which is prepared by NaradVani Sanchar Madhyam Pvt. Ltd., does not constitute an offer or solicitation for the purchase or sale of any financial instrument or as an official confirmation of any transaction. NaradVani or any of its affiliates shall not be in any way responsible for any loss or damage that may arise to any person from any inadvertent error in the information contained in this report. This document is provided for assistance only and is not intended to be and must not alone be taken as the basis for an investment decision. The user assumes the entire risk of any use made of this information. This information is strictly confidential and is being furnished to you solely for your information. This report is not directed or intended for distribution to, or use by, any person or entity who is a citizen or resident of or located in any locality, state, country or other jurisdiction, where such distribution, publication, availability or use would be contrary to law, regulation or which would subject NaradVani and affiliates to any registration or licensing requirements within such jurisdiction. The distribution of this document in certain jurisdictions may be restricted by law, and persons in whose possession this document comes, should inform themselves about and observe, any such restrictions.

Neither NaradVani nor any of its affiliates, directors, employees, agents or representatives shall be liable for any damages whether direct, indirect, special or consequential including lost revenue or lost profits that may arise from or in connection with the use of the information.

© All rights reserved by NaradVani Sanchar Madhyam Pvt. Ltd. This information should not be reproduced or redistributed or passed on directly or indirectly in any form to any other person or published, copied, in whole or in part, for any purpose without a written permission by NaradVani.